Seventeenth Loksabha

an>

Title: Issue regarding difference in compensation given for land acquisition and irregularities in road construction in Mandya Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर (माधा): सभापति महोदय, मैं आपका तहे दिल से शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ। मेरे संसदीय क्षेत्र विशेषकर पंढरपुर, पुणे में भगवान विटठ्ल के दर्शन के लिए जो नया महामार्ग बनाया जा रहा है, उस महामार्ग के विषय की तरफ मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। पंढरपुर-पुणे महामार्ग में जिस जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, उसमें भेदभाव हो रहा है। जहाँ पर नगर पंचायत है, वहाँ पर भाव कम दिया जा रहा है। वहाँ पर 1 लाख रुपये प्रति गुंठा जमीन का भाव दिया जा रहा है। उसके 100 मीटर दूर 4 लाख रुपये प्रति गुंठा भाव दिया जा रहा रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करता हूँ कि इस भेदभाव को मिटाया जाए।

महोदय, मैं एक दूसरी बात की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र में सांगोला, माढ़ा, करमा, मार्सिरस आदि जगहों पर महामार्ग के निर्माण का काम चालू है। वहाँ पर अधिकारियों के माध्यम से बहुत ज्यादा करप्शन हुआ है। मैं सदन के माध्यम से सीबीआई जाँच की माँग कर रहा हूँ।

माननीय सभापति:

शून्य काल में एक ही विषय रखना चाहिए, क्योंकि वह किसी विभाग को संदर्भित होता है। आपको यह बात ध्यान रखनी चाहिए।